सत्यमेव जयते

राजभवन सूचना परिसर, उत्तराखण्ड

राजभवन देहरादून, दिनांक 06 सितम्बर, 2022

राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह (से नि) ने मंगलवार को पेस्टलवीड कॉलेज में खेलो इंडिया के अन्तर्गत नॉर्थ जोन ''वुमेन जूडो टूर्नामेंट'' का शुभारम्भ किया। 06 से 09 सितम्बर तक चलने वाले नॉर्थ जोन वुमेन जूडो टूर्नामेंट में उत्तराखण्ड सहित उत्तर क्षेत्र के 08 राज्यों की टीमें प्रतिभाग कर रही हैं।

टूर्नामेंट का शुभारंभ करते हुए राज्यपाल ने कहा कि मा. प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में खेलो इंडिया मुहिम खेलों के प्रति जागरुकता लाने के लिए बहुत बड़ी पहल है। इसके तहत देश के युवाओं–युवतियों को आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। उन्होंने कहा कि एक सशक्त, समृद्ध और आत्मनिर्भर भारत के इस स्वप्न को साकार करने के लिए हमें हर क्षेत्र में आगे बढ़ना है जिसमें खेल भी अत्यन्त महत्वपूर्ण है।

राज्यपाल ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत और शक्तिशाली भारत बनने के लिए हमें खेलों में भी नये मुकाम हासिल करने होंगे और हम इस क्षेत्र में आगे बढ़ भी रहे हैं। उन्होंने कहा की भारत की बेटियों की ताकत पूरी दुनिया देख रही है। आप सभी बेटियां खेलों में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए देश को एक वैश्विक खेल महाशक्ति के रूप में स्थापित करने के लिए बहुत बड़ा योगदान दे रही हैं। उन्होंने सभी लड़कियों से आह्वान किया कि आप सभी को एशिया गेम्स, कॉमनवेल्थ गेम्स व ओलम्पिक गेम्स के लिए अभी से तैयारी करनी है, इसके लिए ये खेल महत्वपूर्ण है। आपने यदि निश्चय और संकल्प कर लिया तो आपको अपने लक्ष्य से कोई रोक नहीं सकता। उन्होंने कहा कि हमेशा लक्ष्य ऊँचा रखें और कड़ी मेहनत करें।

राज्यपाल ने कहा कि बेटियों को आगे बढ़ते देखना बहुत सुःखद अहसास है, उनका जज्बा अलग ही स्तर का है। बेटियां हर क्षेत्र में देश का नाम ऊँचा कर रही हैं। उन्होंने सभी लडकियों को प्रतियोगिताओं के लिए शुभकामनाएं दी और पूरी खेल भावना तथा अनुशासन से खेलने को कहा। उन्होंने उत्तराखण्ड में सभी टीमों का स्वागत किया तथा आयोजकों को भी शुभकामनाएं दी।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि मेजर जनरल(रि.) शम्मी सब्रवाल, उत्तराखण्ड जूडो एसोसिएशन के चेयरमैन यशवीर सिंह, महासचिव सतीश शर्मा, चेयरमैन देहरादून जूडो एसोसिएशन जिला देहरादून प्रेम कश्यप सहित विभिन्न पदाधिकारी और टूर्नामेंट में भाग लेने वाली बालिकाएं भी उपस्थित रहे।

..........0..........

सूचना परिसर राजभवन , मो0 9456590619 टेली फैक्स 0135–2756172